हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025




तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री


4 टीकाकरण केन्द्र से शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ




## खबर संक्षेप

### जनजातीय समाज तक पहुंचेगी 25 योजनाएं

**बैकुण्ठपुर।** जिपं के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि यह अभियान विजन 2047 विकसित भारत का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समाज तक शासन की योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के 154 ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के साथ सरकार की 25 योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जो 1 से 3 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद ग्रामीण वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती ऊषा लकड़ा, विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी व मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

### जिले में उर्वरक वितरण अब होगा हाई-टेक




**मनेन्द्रगढ़।** जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं को अब उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नई पीढ़ी की एल वन पोस मशीनें प्रदान की गई हैं। गुरूवार को कार्यालय उप संचालक कृषि मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में इन मशीनों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि इंद्रासन पैकरा ने बताया कि 15 अगस्त से पूर्व प्रदाय लो पोस मशीनें निष्क्रिय हो चुकी थीं, इसके बाद आधुनिक तकनीक से युक्त एलवन पोस मशीनों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नई मशीन से किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में आसानी होगी, वहीं विक्रेताओं को स्टॉक और बिक्री संबंधी अद्यतन जानकारी रखने में भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में निजी उर्वरक विक्रेताओं सहित आईपीएल कंपनी के प्रतिनिधि, सहायक संचालक कृषि जयंत कुमार पैकरा और शाखा प्रभारी दीपक कुमार साहू उपस्थित रहे।

### 50 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या के लिए रवाना



**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के तीसरे चरण में एमसीबी जिले से चयनित 57 श्रद्धालुओं में से 50 श्रद्धालुओं का दल गुरूवार की सुबह कलेक्टोरेट परिसर, मनेन्द्रगढ़ से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं को अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या ले जाया जाएगा, जहां वे श्री रामलला के दिव्य दर्शन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी राम भक्तों को अपनी शुभकामनाएं दी गई।

### कृषकों को वितरित किया गया मत्स्य बीज



**मनेन्द्रगढ़।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर जिले में मनरेगा अंतर्गत निर्मित डबरियों को आय और पोषण का नया आधार बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई है। मनेन्द्रगढ़, भरतपुर और खड़गवां विकासखंड में मत्स्य पालकों को अनुदान स्वरूप प्रति डबरी 2000 नग मिश्रित मेजर कार्प मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत बेलबहरा विखं मनेन्द्रगढ़, जनकपुर विखं भरतपुर और आमाडांड विखं खड़गवां के मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों से किसानों को बीज वितरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रत्येक विकासखंड की 100-100 डबरियों को इस योजना में सम्मिलित किया गया है। सरकार की यह पहल न केवल मत्स्य पालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि ग्रामीण अंचल में पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

## बैकुंठपुर में अनोखे अंदाज में हड़ताली कर्मियों का आंदोलन

# पीपीई किट पहनकर कर्मियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेशभर में राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं, इसके चलते जिले में स्वास्थ्य सेवाएं काफी प्रभावित हो रही है।

अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके परिजन को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मी जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में बीते 10 दिनों से लगातार अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान सरकार की ओर से किसी तरह की कोई पहल अब तक नहीं हो पाई है। एनएचएम कर्मी इस अवधि में लगातार अनोखे तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। कभी खून से मांग पत्र लिखकर, तो कभी सड़क पर धरना देकर, वे सरकार का ध्यानाकर्षित कर रहे हैं, फिर भी सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही हे। इसी कड़ी में शुक्रवार को कोरिया जिले में एनएचएम कर्मचारियों ने पीपीई किट पहनकर रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना काल में इन्हीं किटों में रहकर उन्होंने जान जोखिम में डालकर अपनी सेवाएं दी थीं, लेकिन आज उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एनएचएम कर्मियों के लगातार कई दिनों के हड़ताल के कारण जिलेभर में स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के लोंगों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है।



पीपीई किट पहनकर विरोध करते कर्मी।

### हड़ताली कर्मियों को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेसी नेता



स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम राष्टीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मियों की मांगों के समर्थन में शुक्रवार को कांग्रेस परिवार का प्रतिनिधि मंडल हड़ताली कर्मचारियों से मिलने पहुंचा। इस अवसर पर योगेश शुक्ला, अजय सिंह, आशीष यादव, हेमसागर यादव, आशीष डबरे सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

### एनएचएम कर्मियों की प्रमुख मांगें

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे एनएचएम कर्मियों की प्रमुख मांगों में अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों का नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, लंबे समय से लंबित भत्तों का भुगतान, कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की गारंटी आदि शामिल है। हड़ताली कर्मियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि उनकी मांगे नहीं मानी गइं तो आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा।

### सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा बिगड़ी

एनएचएम के तहत नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों के अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से जिलेभर के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवा बिगड़ गई है। एनएचएम कर्मी ऐसे समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जब जिले में मौसमी बीमारी का प्रकोप ज्यादा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवा बिगड़ने के कारण मरीजों को कई तरह की दिक्कतों का सामना सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में करना पड़ रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग के सरकारी काम काज भी प्रभावित हो रहा है। एनएचएम कर्मियों के हड़ताल के चलते विभिन्न राष्टीय स्वास्थ्य कार्यक्रम भी प्रभावित हो रही है।

## बाघ की दहाड़ से ग्रामीण भयभीत

# मोहरसोप जंगल में मिला पद चिन्ह

**अम्बिकापुर/बिहारपुर।** बाघ की दहाड़ से एक बार फिर सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के ग्रामीण दहल गए हैं। क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही है। जंगल में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद वन अमला सतर्क हो गया है तथा दिन-रात बाघ की चौकसी करने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए जागरूक कर रहा है।

गुरू घासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का जंगल वन्य जीवों के लिए सुरक्षित रहवास क्षेत्र माना जाता है। जंगल में पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्य जीव उपलब्ध होने के कारण बीच-बीच में अपने लिए नए रहवास क्षेत्र की तलाश में संजय राष्ट्रीय उद्यान से बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही होती है। कई बार हिंसक वन्य जीव लम्बे समय तक विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के उपरांत वापस संजय नेशनल पार्क की ओर लौट जाते हैं वहीं कई बार पलामू टाइगर रिजर्व तक का सफर करते हैं। पिछले तीन सालों से क्षेत्र में लगातार हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही हो रही है। इसे क्षेत्र के पर्यावरण एवं वन्य जीवों के विकास की दृष्टि से अच्छा माना जा रहा है। मंगलवार को जंगल में मवेशियों को चराने गए चरवाहों ने ग्राम मुण्डा के जंगल में बाघ को घूमते देखा था। बाघ को देखने के बाद



चरवाहे अपने मवेशियों को लेकर तत्काल वापस लौटे एवं अन्य ग्रामीणों को जानकारी दी। जंगल में बाघ मौजूद होने की सूचना पर बुधवार को वनकर्मियों ने इसकी पुष्टि करने जंगल का भ्रमण किया तो कई स्थानों पर बाघ के पदचिन्ह मिले। मंगलवार को कुछ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत मोहरसोप अंतर्गत ग्राम मचबंधी पारा स्थित बेतझरिया नाला को दोपहर ढाई बजे बाघ को नाला पार करते देखने की बात कह रहे हैं। जंगल में बाघ की मौजूदगी की सूचना पर क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयभीत हैं तथा जंगल की ओर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं वहीं वन विभाग के कर्मचारी दिन रात बाघ की चौकसी कर रहे हैं।

### दिन रात की जा रही चौकसी

जंगल में नाले के पास बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। विभाग द्वारा सामंजस्य के साथ सामान्य जंगलों के साथ ही अभ्यारण्य क्षेत्र की चौकसी की जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

-मेवालाल पटेल, रेंजर, बिहारपुर

# एल्यूमिनियम खिड़की चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अहमद रजा अंसारी पिता मोहम्मद सिराज उम्र 43 वर्ष निवासी मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय बैकुंठपुर ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामपुर स्थित एसईसीएल कॉलोनी के बंद पड़े मकान से खिड़की और दरवाजे चोरी हो गए हैं।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 331 (3), 305 (इ), 62, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बैकुंठपुर राजेश साहू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई



गिरफ्तार आरोपी।

करते हुए आरोपियों को पटना सब्जी मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी करन चौधरी पिता बृजलाल चौधरी उम्र 21 वर्ष, शिवा चौधरी पिता भोला चौधरी उम्र 25 वर्ष, करन चौधरी पिता बृजलाल चौधरी उम्र 21 वर्ष सभी निवासी बाबाटोला, थाना हनुमानताल, जिला जबलपुर (म.प्र.), हाल मुकाम पटना, जिला कोरिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए सामान एल्यूमिनियम के खिड़की और दरवाजे, वजन लगभग 40 किलो, कीमत लगभग 12 हजार रूपए जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना के पास खड़ी मोटरसायकल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरमा निवासी राम सजीवन सिंह गोड़ ने अपनी हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 16 सीएफ 3716, कीमत लगभग 40,000 अस्पताल परिसर के पास खड़ी की थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर थाना में अपराध क्रमांक 171/2025 धारा 303 (2) बीएनएस दर्ज किया गया। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपी शिव पिता जग्गू राम यादव निवासी ग्राम रकैया थाना चरचा को चोरी का अपराध करते पाया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसायकल बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेजा गया।

### 18 को वॉक- इन-इंटरव्यू

**बैकुण्ठपुर।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कोरिया में वर्ष 2025-26 के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अस्थायी प्रशिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है।

कॉलेज में जिन ट्रेड्स में प्रशिक्षण संचालित होना है, उनमें असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, असिस्टेंट मॅशन (जनरल राजमिस्त्री), सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर (लेवल-3) तथा जल वितरण संचालक शामिल हैं। प्रशिक्षकों की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा निर्धारित प्रपत्र के साथ 18 सितंबर को वॉक-इन-इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार कोरिया जिले की आधिकारिक वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट कोरिया गर्वमेंट डॉट इन का अवलोकन कर सकते हैं।

# पांच सचिव को नोटिस, एक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में ग्राम पंचायतवार योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिव श्रीपाल भगत को तत्काल निलंबित कर दिया गया तथा अकारण अनुपस्थित रहने वाले पांच सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।





बैठक लेते सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी।

सीईओ ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत मोर गांव मोर पानी महाभियान, एक पेड़ मां के नाम, लेबर बजट निर्माण, मानव दिवस सृजन और कार्यपूर्णता जैसे विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामग्री क्रय नियमों के अनुरूप हो तथा प्राकृतिक संसाधन संवर्धन एवं कृषि आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति अपेक्षित स्तर पर न होने पर सीईओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवास हितग्राही को 90 दिन का अकुशल रोजगार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और एक पेड़ मां के नाम रोपण अनिवार्य रूप से कराया जाए।

### बिहान योजना से महिला सशक्तिकरण

ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की समीक्षा में सामाजिक व वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, महिला उद्यमों, बीमा क्लेम और कृषि/गैर कृषि आजीविका गतिविधियों की स्थिति पर चर्चा की गई। सीईओ ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने महतारी सदन योजना, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र, राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान, 15 वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों, जन्म-मृत्यु पंजीयन तथा नामांतरण जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

# दिनचर्या में शामिल करें पुस्तक पढ़ने की आदतः डीईओ

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य के 25 वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) पर छग शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्तरीय पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन सेजस खरबत बैकुंठपुर में किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, खंड स्त्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला एवं विकासखंड नोडल अधिकारी विजयनाथ बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप पज्जवलन कर किया गया, इसके बाद कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में पुस्तक वाचन का मुख्य उद्देश्य, विद्यार्थियों एवं समाज में विभिन्न पुस्तक पढ़ने की आदत और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को निरंतर समझ के साथ पढ़ना और पढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में साक्षरता और पढ़ना, लिखना व्यक्ति के विकास के लिए पुस्तक पढ़ना जारी रखना चाहिए, हम जितनी पुस्तके पढ़ेंगे उतने ही समझदार होते जाएंगे, पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार हैं, जो हमें नई सोच, प्रेरणा और जीवन जीने की दिशा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा विषय से अलग महापुरुषों की जीवनी, कहानी, पत्रिका, ज्ञानवर्धक पुस्तक अवश्य पठन करना चाहिए। इसके पश्चात संस्था के समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के साथ पुस्तक वाचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य ब्रिज नारायण मिश्रा ने सभी अतिथियों को प्रेरक पुस्तक भेंट किया और अभिभावकों शिक्षकों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

इस तरह के आयोजन से बच्चों में वाचन कौशल और साहित्य के प्रति रुचि विकसित होती है। पुस्तक वाचन से न केवल भाषा कौशल का विकास होता है। पुस्तक वाचन कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं काफी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक वीरेन्द्र के द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबाल प्रतियोगिता

# बैकुंठपुर टीम बनीं विजेता, बालिका वर्ग में नगर ने जीता ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में राष्टीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) के अवसर पर शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने युवाओं से मैदान में समय बिताने और मोबाइल से दूर रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने बालिकाओं को खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और करियर बनाने की सलाह दी। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्रों को नियमित दिनचर्या में खेल को शामिल करने और पसीना बहाकर लक्ष्य प्राप्त करने का मंत्र दिया। मुख्य





आयोजन में उपस्थित अतिथि।






सम्मानित होते विद्यार्थी

प्रतियोगिता में विकासखंड बैकुंठपुर और सोनहत की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें बैकुंठपुर ने सोनहत को 1-0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में उमझर और नगर की टीमों के बीच हुए रोमांचक मैच में दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर रहीं। निर्णायक ट्राईब्रेकर में नगर की टीम ने उमझर को 3-2 से हराकर ट्रॉफी जीती। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बच्चों को इंटरनेट और मोबाइल के मोह से दूर रहकर किसी एक खेल में निरंतर अभ्यास करने तथा अनुशासित दिनचर्या अपनाने की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेन्द्र गुप्ता ने किया।

### हर्षोल्लास के साथ मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन भारत के महान हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर खेल और खिलाड़ियों के सम्मान में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा में मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन का भी आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। विद्यालय के खेल विभाग की देखरेख में चारों सदनों के मध्य फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आर्यभट्ट सदन के विद्यार्थियों ने अंतिम राउंड में कलाम सदन के प्रतिभागियों को तीन गोलों से मात देते हुए अपने सदन को विजयी बनाया।




गणेश उत्सव समिति, श्री राम चौक, शिवनन्दनपुर।


गणेश पूजा युवा समिति, मण्डलपारा, गुदरी गली, नगर पंचायत शिवनन्दनपुर।


श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पुराना यज्ञ शाला गणेश पूजा समिति अम्बेडकर चौक, बिश्रामपुर।


मेन मार्केट, राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण, गणेश उत्सव समिति शिवनन्दनपुर।

## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पहले हो सख्त जांच : अनूप




**बिश्रामपुर/सोनगरा।** जिले में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि किसी भी व्यक्ति को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व उसकी सूक्ष्म जांच अनिवार्य रूप से की जाए। श्री सिन्हा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि हाल ही में बिहार राज्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया गया। इसी तर्ज पर अब चुनाव आयोग पूरे देश में यह प्रक्रिया लागू करने जा रहा है। इसके अंतर्गत 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे वे नागरिक जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उन्हें अपने जन्म की तिथि और स्थान का ठोस प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। श्री सिन्हा ने आशंका जताई है कि जिले में कई लोग इस व्यवस्था का दुरुपयोग करते हुए वर्षों पूर्व अपने पूर्वजों के नाम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने पत्र में उल्लेख किया है कि अवैध रूप से आए घुसपैठिए इस तरह से नकली दस्तावेज बनवाकर भारत की नागरिकता का दावा कर सकते हैं जो राष्ट्रहित के लिए घातक होगा। भाजपा उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग किया है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए शिशु के माता-पिता की स्थानीय उपस्थिति और प्रमाणों की कड़ी जांच हो। मृत्यु प्रमाण पत्र केवल तभी जारी हो जब यह सुनिश्चित हो जाए कि मृतक व्यक्ति का जीवनकाल वास्तव में जिले में व्यतीत हुआ हो। किसी भी प्रकार के संदिग्ध आवेदन पर विभाग विशेष सतर्कता बरते और जांच पूरी होने तक प्रमाण पत्र जारी न किया जाए।। श्री सिन्हा ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे संवेदनशील दस्तावेज अगर बिना जांच के जारी किए जाएंगे तो यह अवैध घुसपैठियों के लिए नागरिकता का आधार बन सकता है। ऐसे में प्रशासन को बेहद सतर्क रहना होगा।

### दंतैल ने नर्मदापुर सरनापारा में ढहाया ग्रामीण का घर

**अम्बिकापुर।** दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल ने बीती रात मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सरनापारा में जमकर उत्पात मचाया। दंतैल ने एक ग्रामीण का मकान ढहाने के साथ ही घर में रखा अनाज को चट कर गया। मैनपाट में सक्रिय 13 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल पूरी रात ग्राम कंडराजा में धान की फसल को रौंदता रहा जबकि अकेले घूम रहे दंतैल ने नर्मदापुर सरनापारा में देर रात तक मुन्ना मांझी के घर में तोड़फोड़ मचाता रहा। गांव में दंतैल की मौजूदगी की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने कुछ ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सुबह होने पर दंतैल सीमावर्ती कापू जंगल जबकि 12 हाथी बाय पहाड़ की ओर चले गए। वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि विभाग की अलग-अलग टीमें पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर रही है।

### दीक्षारम्भ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी गई पाठ्यक्रम की जानकारी



**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ.एसके कश्यप ने पूर्व परम्परा और वर्तमान दीक्षारंभ के अंतर को समझाया। डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी। कुमारी उषा, रिया एवं कृष्णा यादव तथा ओमप्रकाश सिंह ने अपना अनुभव साझा किया। अंत में डा.भूपेन्द्र कुमार साहू ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी दी तथा क्रेडिट सिस्टम, एबीसी अकाडेमिक बैंक क्रेडिट के बारे में बताया। प्रो.गुलशन केरकेट्टा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान उदय साहू, मनीष देवांगन, अनिल पासवान, नागेश्वर सिंह, दिवाकर सिंह, सुश्री ममता सिंह, श्रीमती कविता सिंह उपस्थित थीं।

### किसान 266 की खाद को 9 सौ से 1 हजार में खरीदने को मजबूर

# यूरिया की किल्लत से जूझ रहे किसान अनाप-शनाप कीमत पर बेच रहे खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

खेतों में जहां धान रोपाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अब फसल विकसित होने लगे है। ऐसे में धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए फसल में खाद की जरूरत है। इधर दुकान संचालकों द्वारा एकाएक खाद की कीमत काफी बढ़ा दी है जिससे किसान परेशान है। प्रतापपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी चरम पर है। जो यूरिया शासकीय दर पर 266 प्रति बोरी मिलना चाहिए, वही खुले बाजार में 900 से 1200 तक बेचा जा रहा है। ऐसे में खाद नहीं मिलने से किसान महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर है।

**खास बात**
- किसानों ने की कार्रवाई की मांग

विकासखंड प्रतापपुर के नगर सहित आसपास के गांव में बरसात के मौसम शुरू होते ही खाद बीज की दुकान की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। जो बिना लाइसेंस या कृषि विभाग, खाद विभाग के लिस्ट में नहीं रहते और मनमानी तरीके से दुकान खोलकर अनाप-शनाप दर पर खाद-बीज की बिक्री करते है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं होती। बावजूद इसके किसी प्रकार की जांच व छापामार कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है। इधर धान रोपाई के बाद जहां अन्नदाता किसान अपने खेतों की फसलों को बचाने के लिए दुकानों से खाद खरीदते हैं उसकी कीमत में भी अधिक होती है। यूरिया की मार झेल रहे किसानों ने बताया कि शासकीय दर की यूरिया को 900 से 1000 देकर खरीदना पड़ रहा है। कई किसानों का कहना है कि हम चाहकर भी शासकीय दर पर यूरिया नहीं पा रहे, दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं और बिल तक देने से मना कर देते हैं। किसानों ने बताया कि शासकीय रेट पर निर्धारित कर सभी दुकानों में खाद दिया जाता है। बावजूद इसके अधिक दर पर प्रति बोरी दुकानों से खाद लेने को मजबूर है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन प्रशासन सहित जिले के अधिकारियों से खाद की बिक्री अनाप-शनाप दर पर किए जाने की शिकायत की गई इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।


गोदाम में रखे यूरिया खाद।

**पड़ रहा अतिरिक्त भार**

किसानों ने बताया कि नगर सहित आसपास गांव में खुले आम खाम की कीमत बढ़ा कर बिक्री की जा रही है। पहले रोपाई के समय डीएपी व इफको खाद के लिए किसान दर-दर भटके, अब यूरिया की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी बाजार में शासकीय दर 266 यूरिया को 1200 तक बेचा रहा है। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर खाद बेचने के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों को अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

**फसल पर पड़ रहा विपरीत असर**

किसानों ने बताया कि रोपाई के बाद अब फसल विकसित हो रहे है। धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए वर्तमान समय में फसलों में यूरिया का छिड़काव करना जरूरी। समय पर यूरिया का छिड़काव नहीं होने से इसका विपरीत असर पड़ रहा है। जबकि दुकान में खाद की कीमत में अचानक वृद्धि हो गई है जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर खाद नहीं डाला गया तो इसका सीधा असर पैदावार पर पड़ सकती है।

**की जाती है छापामार कार्रवाई**

प्रतापपुर में खाद की छापामारी कार्रवाई की जाती है मगर कोई पकड़ में नहीं आता। दुकान में भी स्टॉक नहीं होने की बात दुकानदारों द्वारा कही जाती है। अधिक कीमत में खाद बेचते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-शिव शंकर यादव
कृषि विस्तार अधिकारी प्रतापपुर



## गणेश प्रतिमा स्थापित कर की गई विधि विधान से पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

सड़क पारा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन समिति ने प्रथम पूज्य श्री गणपति की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ किया है।

पिछले वर्ष समिति ने भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के समक्ष करवां स्थित शिव मंदिर परिसर में मंदिर के चारों ओर अहाता निर्माण एवं मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार की मांग रखा गया था। जिस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मंच से ही इस मांग को जल्द पूरा करने की घोषणा की थी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े की पहल पर अब कार्य पूर्ण होकर तैयार हो चुका है। वर्तमान में इसी परिसर में ही पूजा का आयोजन किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह विकास कार्य न केवल मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और पवित्र वातावरण भी उपलब्ध करा रहा है। इस उपलब्धि से समिति के सदस्य और ग्रामीण दोगुने उत्साह के साथ गणेश पूजन में शामिल हो रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया गया कि सात दिनों तक चलने वाले गणेश पूजन में सायं काल आरती के पश्चात भंडारा व्यवस्था किया गया है। 30 अगस्त को देवी जस गीत गायिका मध्य प्रदेश की गायिका अंजली यादव द्वारा जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे एवं बड़े बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम, द्वितीय ,तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस वर्ष गणेश चतुर्थी का उत्सव करवां, सड़कपारा, करसु, कसकेला, महेशपुर, गजाधरपुर, लटोरी, जुड़वानी सहित अन्य पंचायतों में भी सार्वजनिक गणेश पूजन बड़े धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। पूजा-पाठ के साथ-साथ कई जगहों पर भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक आरती का आयोजन भी किया जा रहा है। सुबह-संध्या पूजा पाठ से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल निर्मित हो गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शीघ्र मकान निर्माण कार्य पूरा कराने हेतु गावों में लगाई जा रही चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की गति तेज करने के लिए प्रशासन ने आवास चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर, छतरपुर, सुंदरगंज और पाठकपुर में चौपाल लगाकर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

- प्रशासनिक अधिकारी हितग्राहियों से सीधे कर रहे संवाद



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।सीईओ ने स्पष्ट कहा कि स्वीकृत आवासों का समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा होना बेहद जरूरी है। उन्होंने हितग्राहियों को भरोसा दिलाया कि शासन की यह योजना गरीबों के सपनों का आशियाना साकार करने के लिए है,इसलिए निर्माण कार्य को टालना नहीं चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्रों को कड़े निर्देश दिए कि सभी हितग्राही को सहयोग प्रदान किया जाए। ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या आर्थिक अड़चन से निर्माण कार्य प्रभावित न हो। साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने स्वयं कई अधूरे मकानों का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने प्लिंथ स्तर तक तैयार हो चुके मकानों का जायजा लिया और मौके पर ही टैगिंग प्रक्रिया भी पूरी करवाई। जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह ने चौपाल में कहा कि प्रत्येक आवास की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग होगी,यदि कोई हितग्राही योजना से वंचित रह गया है तो उसे चिह्नित कर प्राथमिकता से जोड़ा जाएगा। समय पर निर्माण पूरा करना हितग्राहियों की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रशासन हर कदम पर साथ खड़ा रहेगा।ग्राम पंचायतों में आयोजित इन चौपालों से ग्रामीणों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। कई हितग्राहियों ने मौके पर ही अपने सवाल रखे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया।

## पुलिस को 13 नए वाहन मिलने से गश्त व्यवस्था होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन प्रदाय किए हैं। पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के विशेष प्रयासों से पुलिस को 12 नई बोलेरो पेट्रोलिंग वाहन एवं 1 नई बारह सीटर बस प्राप्त हुई है। गुरूवार को पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी, आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि नए वाहनों से बल की परिचालन क्षमता में उल्लेशनीय वृद्धि होगी, आधुनिक साधनों के सहयोग से बल किसी भी चुनौती का सामना करने में और अधिक सक्षम होगा और दुरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन, थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, वाहन शाखा प्रभारी एमटीओ विजय सिंह, एएसआई विजय यादव, साईबर सेल प्रभारी उपस्थित रहे।

### हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आया विभाग

# कराया गया बेलजोरा बांध की मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बेलजोरा में क्षतिग्रस्त हुए बांध के हिस्से की मरम्मत करा दी गई है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित करने के साथ ही हरकत में आए अधिकारियों ने युद्ध स्तर पर इंटेकवेल के समीप मरम्मत का कार्य शुरू कराया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। अब अधिकारी बारिश के बाद विस्तृत रूप से बांध के मरम्मत हेतु कार्य योजना बनाने की बात कह रहे है ताकि भविष्य में किसी प्रकार के संकट को टाला जा सके।



बता दें कि ग्राम बेलजोरा में सिंचाई कार्य के लिए अस्सी के दशक में बांध का निर्माण कराया गया था। पूर्व से ही इस बांध की गुणवत्ता सवालों के घेरे में रही है। इस बार सरगुजा में अच्छी बारिश हुई है ऐसे में नदी तालाबों के साथ ही बांध भी भर गए है। संभावना जताई जा रही है कि जल स्तर बढ़ने के कारण बांध के इंटेकवेल के सामने का हिस्सा प्रभावित हो गया था। इंटेकवेल के समीप मिट्टी अंदर धंस गई थी और बांध में लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया था। उस सुराख से होने वाले बांध के पानी का रिसाव अंदर ही अंदर बांध को कमजोर करने लगा था। यह देख ग्रामीण काफी चिंतित हो गए और उन्होंने बांध की हालत देख उसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए थे। ग्रामीणों की चिंता से अवगत होने के बाद हरिभूमि समाचार पत्र ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद इसका असर भी देखने को मिला। विभागीय अधिकारियों ने बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से में युद्धस्तर पर काम शुरू कराते हुए 24 घंटे के अंदर उसकी मरम्मत करा दी। इंटकवेल का वो हिस्सा जो पानी के दबाव की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया था। मरम्मत के बाद अब वो जगह पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत कराने के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता ए के निरंजन ने बताया कि फिलहाल बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत करा दी गई है। बारिश के बाद बांध के उस हिस्से की विस्तृत रूप से मरम्मत कराई जायेगी।ताकि भविष्य में बांध का वो हिस्सा पूरी तरह सुरक्षित हो सके।

## पत्नी की गला दबाकर की हत्या लाश को तालाब में फेंका

**राजपुर।** सनकी पति ने चरित्र शंका पर अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और लाश को तालाब में फेंक दिया। बड़ी बात यह है कि आरोपी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद ही पुलिस के पास पहुंच गया और घटना की जानकारी दी।



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम ककना खालपारा निवासी 35 वर्षीय सीताराम आ. स्व. बिफन पैकरा का वर्ष 2015 में सुनिता पैकरा से विवाह हुआ था। दोनों के तीन बच्चे भी है। 27 अगस्त को सीताराम पैकरा ने चौकी में आकर खुद ही पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं था और इसी बात से दुखी होकर उसने 12 से 1 बजे के बीच तालाब के समीप प्लास्टिक बोरा से बने सफेद रंग की रस्सी से पत्नी का गला घोंट दिया और फिर लाश को तालाब में फेंक दिया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तालाब से मृतिका की लाश को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान मृतिका के गले में सफेद रंग की प्लास्टिक रस्सी भी बंधी हुई थी। पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने सिद्धार्थ संग पहुंची जाह्नवी...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी आज रिलीज हो रही है। दोनों इस फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले दोनों लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान का दोनों का वीडियो सामने आया है। हालांकि, भीड़ में जाह्नवी थोड़ी अनकंफर्टेबल दिखती हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि जाह्नवी भीड़ में आगे जाती हैं। उनके एक्सप्रेशन से साफ पता चल रहा है कि वह भीड़ में परेशान हो रही हैं। उसके पीछे वहीं सिद्धार्थ नजर आ रहे हैं। एक ने कमेंट किया, 'ऐसे भीड़ में क्यों भेजा, अगर वह अनकंफर्टेबल है तो?' जाह्नवी को कितना अजीब लग रहा है, समझ सकते हैं।

लाइफ Style



# मोनालिसा

## मलयालम फिल्म नागम्मा में आएंगी नजर

प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी। माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता सिबी मलयिल भी मौजूद थे। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। मोनालिसा, इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर महेश्वर की रहने वाली हैं। वे इस साल प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया सेंसेशन बन गईं। मोनालिसा वहां माला बेचने गई थीं। अपनी खूबसूरत आंखों के चलते वे आकर्षण का केंद्र बन गईं। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है।

## हॉलीवुड मसाला




# लिंकिन पार्क का प्रदर्शन अब भारत में

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क अब भारत में भी अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत मुंबई से होगी। फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत बैंड का यह पहला कार्यक्रम भारत में होने वाला है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। बैंड ने बताया कि वह लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने वाले हैं। अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क ने घोषणा कि वे 25 जनवरी, 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में लोलापालूजा इंडिया में परफॉर्म करेंगे।



# शेखा महरा ने की रैपर फेंच मोंटाना से सगाई

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्कन-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना और दुबई की राजकुमारी शेखा महरा इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों ने हाल ही में अपनी सगाई की पुष्टि की है। यह सगाई पेरिस फैशन वीक के दौरान हुई, जहां फ्रेंच मोंटाना ने अपनी लेडी लव शेखा महरा को अंगूठी पहनाई। खबर सामने आने के बाद दुनियाभर के फैन्स हैरान रह गए, क्योंकि महरा ने कुछ महीने पहले ही अपने पहले पति से तलाक लिया था। शेखा महरा दुबई के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। महरा की मां जोई ग्रिगोराकॉस ग्रीस से हैं और अब अपने पति से अलग रह रही हैं। तलाक के कुछ ही समय बाद शेखा की मुलाकात फ्रेंच मोंटाना से हुई।



# रिलीज हुआ शिल्पा की फिल्म का पोस्टर

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की मशहूर अदाकारा शिल्पा शिरोडकर एक लंबे अंतराल के बाद फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म का नाम जटधारा है और गुरुवार के दिन इसका पहला लुक जारी किया गया है। इस पोस्टर में शिल्पा शिरोडकर का अंदाज रहस्यमयी और बेहद ताकतवर दिखाई दे रहा है। उनके किरदार का नाम शोभा है। जटाधारा एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है। अभी तक इस फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है। बस पहला पोस्टर आउट किया और फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में जानकारी दी है। इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर के साथ सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। यूं तो ये तेलुगू फिल्म है, लेकिन इसे हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। लोगों को शिल्पा की फिल्म का पोस्टर पसंद आ रहा है।



# परिवार के साथ मनाई गणेश चतुर्थी...

**मुंबई।** सलमान खान हर साल गणेश चतुर्थी परिवार के साथ सेलिब्रेट करते हैं। अब इस साल भी सलमान ने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ गणेश चतुर्थी सेलिब्रेट की। इस सेलिब्रेशन का वीडियो सामने आया है जहां सलमान के पैरेंट्स भाई, दोनों बहनें और उनका परिवार और उनके दोस्त भी अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। सलमान ने खुद वीडियो शेयर किया है, जिसकी शुरुआत होती है गणपति बप्पा से जिन्हें काफी खूबसूरती से सजाया है। पहले सलमान की मां सलमा और पिता सलीम खान आरती करते हैं साथ में। इसके बाद सोहेल खान आरती करते हैं। इसके बाद सलमान खान आरती करते हैं फिर अरबाज, बहन अलवीरा और छोटी बहन अर्पिता आरती करते हैं। सलमान के भांजे और भांजी इस दौरान नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# गाय के साथ शूट करना मेरे लिए जीवन बदलने वाला अनुभव

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की उभरती हुई अभिनेत्री हरलीन कौर रेखी वर्तमान में 'कामधेनु गौ माता' शो में में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस शो में उनका किरदार और उनके ऑन-स्क्रीन गाय साथी, कपिला, दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। हाल ही में हरलीन ने अपने अनुभव, चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नए अवसरों के बारे में खुलकर बातचीत की। हरलीन ने बताया, 'कपिला, जो कामधेनु माता की भूमिका निभाने वाली गाय है, उसके साथ रिश्ता बनाना बहुत जरूरी और चुनौतीपूर्ण था। स्क्रीन पर कपिला के साथ जुड़ना मेरे किरदार के लिए बहुत अहम था। शुरुआत में मैं थोड़ी हिचकिचा रही थी, क्योंकि मैंने पहले कभी किसी जानवर के साथ इतना करीब से काम नहीं किया था। लेकिन, कपिला बहुत प्यारी और मिलनसार थी। धीरे-धीरे यह रिश्ता बन गया और सिर्फ रोल निभाने में मदद नहीं की, बल्कि मेरे अंदर आध्यात्मिक समझ और ब्रह्मांड के साथ मेरा जुड़ाव भी गहरा हुआ।' हरलीन ने आगे बात करते हुए कहा, 'कपिला और शो के माहौल के साथ काम करने से मुझे अपने अंदर झांकने और आत्म-समझ विकसित करने में मदद मिली। जानवरों के साथ काम करना और शो की कहानी में हिस्सा लेना मेरे व्यक्तित्व और सोच को समझने में मदद करता है।

## तान्या मित्तल ने किया खेला मां-बेटे के रिश्ते में डाली दरार

**नई दिल्ली।** बिग बॉस सीजन 19 में ड्रामा और साजिश का लेवल हर नए दिन बढ़ता ही जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत से ही कंटेस्टेंट्स के बीच टकराव देखने को मिला, लेकिन अब घर के अंदर रिश्तों पर भी



साजिश का जहर असर दिखाने लगा है। खासकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद के बीच बना मां-बेटे का रिश्ता, जो दर्शकों को अब तक सबसे प्यारा लग रहा था, वो भी टूटने की कगार पर पहुंच चुका है। इस पूरी साजिश के पीछे हैं तान्या मित्तल। शो के पहले ही हफ्ते में गौरव खन्ना और अभिनेत्री कुनिका सदानंद के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। कुनिका ने काफी जगहों पर कहा कि गौरव उनके बेटे की उम्र के हैं। लेकिन बिग बॉस के घर में स्थायी रिश्ते टिकते कहां हैं? यही हुआ इस रिश्ते के साथ भी। नए एपिसोड के प्रोमो में दिखाया गया कि तान्या मित्तल ने बड़ी चतुराई से कुनिका के कान भरने शुरू किए। उन्होंने कुनिका से कहा कि उनका सबसे करीबी रिश्ता गौरव से नहीं, बल्कि उन्हीं से है।

# एक ही परिवार ने बनाई पांच धांसू फिल्में सभी में नजर आया एक जैसा पैटर्न

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई परिवार फिल्म मेकिंग के बिजनेस से जुड़े हैं। बॉलीवुड में एक ऐसा परिवार है जिसके सदस्यों ने समय-समय पर 5 ऐसी फिल्में बनाईं, जिनका पैटर्न काफी हद तक ऐसा जैसा ही था। इन पांचों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। सभी फिल्में ब्लॉकबस्टर निकलीं और सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। हम बात कर रहे हैं भट्ट फैमिली और उनके रिश्तेदारों की। फिल्मकार महेश भट्ट और उनके परिवार से जुड़े सदस्यों ने पिछले 34 साल में पांच ऐसी फिल्में बनाईं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।*

***आशिकी*** : सबसे बात करते हैं 1990 में आई आइकॉनिक रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म आशिकी की। इस फिल्म को महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। राहुल रॉय, अनु अग्रवाल, दीपक तिजोरी लीड रोल में थे। नदीम-श्रवण का म्यूजिक, समीर के गीत सुपरहिट रहे थे। दिल का आलम, बस एक सनम चाहिए, नजर के सामने और धीर धीरे से मेरी जिंदगी में आना जैसे गानों ने 90 के दशक में धूम मचा दी थी। हर गली-मोहल्लों, बस-ऑटो, पान की दुकानों पर ये गाने सुनाई देते थे। 90 लाख के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

***राजा हिंदुस्तानी*** : 1996 में महेश भट्ट के भांजे धर्मेश दर्शन एक फिल्म लेकर आए थे। नाम था : राजा हिंदुस्तानी। करीब 5 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 76 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। यह फिल्म 1996 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित



हुई थी। फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और इमोशन्स का पूरा डोज था। नदीम-श्रवण के म्यूजिक से सजी इस फिल्म के गाने बहुत पॉप्युलर हुए थे 'परदेसी परदेसी जाना नहीं' तो सबसे ज्यादा सुना गया था।

***राज*** : महेश भट्ट 2002 में एक बार फिर से महेश भट्ट ने पर्दे पर वापसी की। इस बार वह हॉरर-रोमांटिक फिल्म 'राज' लेकर आए थे। हॉरर जॉनर की इस फिल्म में बिपाशा बसु और डिनो मोरिया लीड रोल में थे। 5 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 37 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। यह उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

***आशिकी 2*** : 2013 में महेश भट्ट के भांजे मोहित सूरी के निर्देश में बनी फिल्म 'आशिकी 2' रिलीज हुई थी जिसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर थे. इस फिल्म का म्यूजिक भी कमाल का था। खासकर 'तुम ही हो' और 'सुन रहा है ना तू' गाना बहुत पॉपुलर हुआ था। ये 1990 की 'आशिकी' का सीक्वल थी। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

**सैयारा** : 2025 में पूरे 12 साल बाद मोहित सूरी के निर्देशन में बनी एक और रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आए। फिल्म को लेकर युवाओं में एक अलग ही क्रेज देखने को मिला।

# नए लुक में दीपिका के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेते दिखे रणवीर

**मुंबई।** गणेश चतुर्थी का त्योहार बॉलीवुड सितारों के लिए हमेशा खास रहा है। इस बार अंबानी परिवार के एंटीलिया स्थित वार्षिक गणेश पूजा में बॉलीवुड का पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सुर्खियों में रहा। लंबे समय से अपने गाढ़ी दाढ़ी और लंबे बालों वाले लुक में दिख रहे रणवीर इस बार एकदम अलग अंदाज में नज़र आए। उन्होंने दाढ़ी-मूंछ साफ कर क्लीन-शेव लुक अपनाया, जो उनके आने वाली जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' से एकदम हटकर है। इस इवेंट के दौरान दीपिका और रणवीर ने सिंगर हर्षदीप कौर और उनके पति से भी मुलाकात की। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों कपल्स साथ में पोज देते हुए नजर आए। इस बार का गणेश चतुर्थी कपल के लिए और भी मायने रखता है, क्योंकि यह उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के जन्म के बाद पहली गणेश चतुर्थी है। दुआ अभी कुछ ही दिनों में अपना पहला जन्मदिन मनाने वाली हैं। गौरतलब है कि दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी की तस्वीरों को सार्वजनिक न



करने का फैसला लिया है। हाल ही में एयरपोर्ट पर एक फैन द्वारा चुपके से वीडियो बनाने की कोशिश पर दीपिका ने नाराजगी भी जताई थी। कुछ समय पहले दिए एक इंटरव्यू में रणवीर ने दीपिका के मातृत्व को लेकर भावुक बयान दिया था। उनके मुताबिक, दीपिका अब तक की अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रही हैं।

## असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही

# वो एक्टर जो दिन में खोजते थे फिल्मों में चांस और रात को करते थे होटल में काम

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दुनिया बाहर से देखने पर जितनी भी चमकदार दिखती है, अंदर से उतनी ही स्ट्रगल से भरी होती है। हर एक्टर और एक्ट्रेस की बॉलीवुड के कदम रखने की अपनी-अपनी वजह और कहानी है। कुछ कलाकार इन कहानियों को कभी दुनिया के सामने नहीं लाते तो कुछ वक्त के साथ खुलकर बताते हैं कि उन्होंने फिल्मों में आने का सफर कैसे तय किया। आज हम ऐसे ही एक्टर की कहानी लेकर आए हैं जिन्होंने ज्यादातर फिल्मों में भले ही लीड रोल न निभाया हो, लेकिन असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही। फिल्मी दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए दीपक तिजोरी दिन में प्रोड्यूसर्स के दफ्तरों के चक्कर लगाते थे और रात को होटल में काम करते थे। दीपक तिजोरी का परिवार मूल रूप से गुजरात के मेहसाणा से था। उनके परदादा तिजोरियां बनाने का काम करते थे, इसी वजह से दीपक का सरनेम 'तिजोरीवाला' पड़ गया, जो वक्त के साथ 'तिजोरी' हो गया। दीपक तिजोरी के पिता गुजराती वैष्णव और मां पारसी ईरानी थीं। मां को फिल्मों में काम करने का शौक था, लेकिन परिवार के रूढ़िवादी होने की वजह से उनका सपना अधूरा रह गया। हालांकि, उन्होंने अपने बेटे दीपक को एक्टिंग की दुनिया में जाने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।*

### असल दुनिया में कदम रखते ही झटका लगा

दीपक की पढ़ाई मुंबई के नरसी मोनजी कॉलेज से हुई, जहां से उन्हें एक्टिंग में गहरी रुचि जगी। कॉलेज के दिनों में उन्होंने थिएटर ग्रुप जॉइन किया और यहीं उनकी मुलाकात आमिर खान, आशुतोष गोवारिकर, परेश रावल जैसे कई कलाकारों से हुई, जो आगे चलकर बड़े नाम बने। कॉलेज में दीपक हर प्ले में हीरो का रोल निभाते थे और उन्हें भरोसा हो चला था कि कॉलेज से निकलते ही उन्हें फिल्मों में भी हीरो बनने का मौका मिल जाएगा, लेकिन असल दुनिया में कदम रखते ही उनकी इस सोच को झटका लगा।

### घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी

कॉलेज खत्म होते ही जब दीपक ने फिल्मों में काम खोजना शुरू किया तो उन्हें समझ आ गया कि यहां बिना किसी पहचान के आगे बढ़ना आसान नहीं है। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पिता की आमदनी सीमित थी और बड़े भाई के कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी थी। ऐसे में दीपक ने रात में बांद्रा के होटल में फ्रंट डेस्क पर काम शुरू कर दिया, ताकि दिन में वह फिल्म स्टूडियो और प्रोड्यूसर्स के दफ्तर जा सकें। यह उनके जीवन का सबसे कठिन और उन्हें सबसे मजबूत बनाने वाला समय था। दिनभर स्ट्रगल और रातभर काम, कुछ इस तरह उन्होंने अपने सपने को जिंदा रखा।






### आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला

धीरे-धीरे दीपक को छोटे-मोटे मॉडलिंग असाइनमेंट मिलने लगे और फिर एक दिन उन्हें एक्टर अवतार गिल का फोन आया। उन्होंने बताया कि महेश भट्ट उन्हें ढूंढ रहे हैं। दीपक ने तुरंत उनसे सम्पर्क किया और तब जाकर उन्हें फिल्म आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला। यह रोल छोटा जरूर था, लेकिन असरदार इतना था कि इसके बाद दीपक को एक के बाद एक फिल्में मिलती गईं। सड़क, दिल है कि मानता नहीं, खिलाड़ी, जो जीता वही सिकंदर, कभी हां कभी ना और अंजाम जैसी सुपरहिट फिल्मों में बतौर को-एक्टर काम किया। इन फिल्मों में उनकी भूमिकाओं को आज भी याद किया जाता है।

### लीड एक्टर बनने की ख्वाहिश धुंधली

फिल्मों में लगातार दोस्त या साइड रोल करने के बाद दीपक तिजोरी को अगस्त 1993 में रिलीज हुई फिल्म पहला नशा' में बतौर लीड एक्टर काम मिला। फिल्म में शाहरुख खान और आमिर खान जैसे नाम भी गेस्ट अपीयरेंस में थे। अच्छी स्टारकास्ट के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के साथ दीपक की लीड एक्टर बनने की ख्वाहिश धुंधली पड़ गई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। एक्टिंग से हटकर उन्होंने फिल्म निर्देशन में भी किस्मत आजमाई।

## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश...


एमएलए नगर बैकुंठपुर में विराजे भगवान गणेश।


बरबसपुर बाजारपारा में विराजे भगवान गणेश।


बरबसपुर बस्तीपारा में विराजे भगवान गणेश।


ग्राम पंचायत उजियारपुर में विरोज भगवान गणेश।


वार्ड नंबर 11 मनेन्द्रगढ़ झिरिया मोहल्ला में विराजे भगवान गणेश।


अहमद कॉलोनी मनेन्द्रगढ़ में विराजे भगवान गणेश।

## खबर संक्षेप

### सीएचसी सोनहत में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** 29 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य नवजात एवं शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर बच्चों को विटामिन-ए, आयरन एवं फॉलिक एसिड का सिरप पिलाया गया। यह पोषक तत्व बच्चों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। माताओं को शिशु देखभाल एवं पोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे अपने बच्चों की सेहत को बेहतर तरीके से समझ सकें। कार्यक्रम में टीकाकरण एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता संदेश भी दिए गए। यह पहल नवजात एवं शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों ने माताओं को बताया कि सही पोषण और समय पर टीकाकरण से बच्चों की सेहत में सुधार हो सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी, बल्कि माताओं को भी सशक्त बनाने का प्रयास किया।

### एकलव्य छात्रावास में गणेशोत्सव का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास चैनपुर में इस वर्ष गणेशोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गणेश अग्रवाल, छात्रावास अध्यक्ष जगदंबा अग्रवाल, सचिव प्रभात वर्मा, जिला उपाध्यक्ष आरडी दीवान, नगर सचिव रितेश श्रीवास्तव, छात्रावास के भैया जोग सिंह, संदीप सिंह, पियूष सिंह, दीपक सिंह तथा जिला संगठन मंत्री हरभजन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। धार्मिक आयोजन के बीच विनोद शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म से जुड़ाव और संस्कार ही जीवन की वास्तविक धरोहर हैं। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी के जीवन चरित्र एवं उनकी स्थापना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सनातन धर्म की परंपराओं से अवगत कराया।

### आगामी 30 सितंबर तक चलेगा अभियान

# टीकाकरण केन्द्र से शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं को दी जाएगी स्वास्थ्य सेवाएं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात एवं शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम में कोरिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अभिषेक गढ़ेवाल एवं डीपीएम अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विटामिन-ए, आयरन एवं फॉलिक एसिड का सिरप पिलाया गया तथा माताओं को शिशु देखभाल एवं पोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त टीकाकरण एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता संदेश भी दिए गए। शिशु संरक्षण माह अभियान 29 से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है, ताकि कोई भी हितग्राही न छूटे, लक्ष्य की उपलब्धि शत-प्रतिशत हो सके, मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। जिले के विकासखंडों में 6 से 59 माह के बच्चे 29102 आईएफए सिरप,विटामिन ए सिरप 27485 बच्चों को बैकुंठपुर, सोनहत, तहसील बचरापोड़ी ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण संबंधी परामर्श, जागरूकता कार्यक्रम एवं टीकाकरण अभियान आयोजित किए जाएंगे।

## रामानुज कॉलेज में मना राष्ट्रीय खेल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर राष्टीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का प्रथम चरण खेल गतिविधियों को समर्पित रहा, जिसमें बैडमिंटन (पुरूष एवं महिला वर्ग) के साथ-साथ फिट इंडिया कार्यक्रम अंतर्गत 200 एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। दूसरे चरण में फिट इंडिया शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर, डॉ. गौरव मिश्र (विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र), क्रीड़ा अधिकारी इम्तियाज अली एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। क्रीड़ा अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि मेजर ध्यानचंद विश्वप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी थे, जिनकी खेल तकनीक ने उन्हें हॉकी का जादूगर बना दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने लगातार तीन ओलंपिक (1928, 1932, 1936) में स्वर्ण पदक जीता। 1936 बर्लिन ओलंपिक में उनके खेल कौशल से प्रभावित होकर हिटलर ने उन्हें जर्मन आर्मी में उच्च पद देने का प्रस्ताव दिया था, जिसे ध्यानचंद जी ने देशप्रेम को सर्वोपरि मानते हुए ठुकरा दिया।

प्राचार्य डॉ. हिमधर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि अनुसार खेलों में भाग लेना चाहिए। खेल से अनुशासन, समय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण जैसे गुण विकसित होते हैं। साथ ही यह शारीरिक फिटनेस और अध्ययन में एकाग्रता बढ़ाता है। अंत में प्राचार्य द्वारा सभी को फिट इंडिया शपथ दिलाई गई और 2 मिनट का मौन रखकर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## स्थानीय उत्पादों का उपयोग करें किसान



**मनेन्द्रगढ़।** नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनांतर्गत विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम चरवाही एवं केंवटी में 25 अगस्त को कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उप संचालक कृषि इन्द्रासन पैकरा के निर्देश पर आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पुष्कर लाल तिवारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हरित क्रांति के बाद रसायनों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी, पानी, हवा और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मृदा विषाक्त होने से उत्पाद में भी जहरीले तत्व शामिल हो रहे हैं। स्वस्थ समाज व राष्ट के लिए विषमुक्त टिकाऊ खेती जरूरी है और इसी उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने यह योजना प्रारंभ की है। उन्होंने किसानों से अपील की कि बाजार से फैक्ट्री उत्पाद न खरीदकर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री व पशु उत्पादों का उपयोग करें। प्रशिक्षण में किसानों को जीवामृत, बीजामृत, ब्रह्मास्त्र और नीमास्त्र जैसी जैविक दवाओं के निर्माण और प्रयोग की विधि बताई गई।

## पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज से बचाव के लिए टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



संचालनालय पशुधन विकास विभाग रायपुर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत जिला कोरिया में पशुओं को लम्पी स्किन डिजीज से बचाव के लिए सघन टीकाकरण अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। यह अभियान 18 अगस्त से प्रारंभ हो गया है, जो 15 सितंबर तक संचालित किया जाएगा।

पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक ने जानकारी दी है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार कोरिया जिले में यह अभियान निर्धारित समय-सारणी से 15 दिन पूर्व ही प्रारंभ कर दिया गया है, ताकि टीकाकरण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जा सके। अब तक टीकाकरण के लिए लक्षित कुल पशुओं में से लगभग 47 प्रतिशत पशुओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया जा चुका है। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, कोरिया ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि लम्पी स्किन डिजीज (ढेलेदार त्वचा रोग) एक संक्रामक रोग है, जो मक्खी, मच्छर एवं किलनी जैसे वाहकों के माध्यम से फैलता है, इसलिए यदि किसी पशु में इस रोग जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत निकटतम पशु चिकित्सा संस्था को सूचित करें।

## शासकीय उमावि सरगवां में दी गई साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी



**अंबिकापुर।** रजत महोत्सव के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग व महिला सशक्तिकरण केंद्र बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम प्रधान सर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में शासकीय उमावि सरगवां में बालिकाओं की सुरक्षा व दिन प्रतिदिन हो रहे साइबर फ्रॉड और उनसे बचाव एवं साथ ही नशा मुक्त सरगुजा बनाने हेतु शपथ दिलाई गई। संक्षिप्त रूप में विभागीय जानकारी जैसे लैंगिक समानता, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब से जिला समन्वयक नूतन सिन्हा, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल के कर्मचारी एवं स्कूल के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह, शिक्षक व शाला की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बीएमएस यूनियन ने किया पौधरोपण



**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र के नगर पालिका शिवपुर चरचा वार्ड क्रमांक 6 के मुख्य मार्ग स्थित अधूरे पार्क में गुरूवार की शाम 5 बजे भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से संबंद्ध बीकेकेएमएस संघ द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संघ के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम में वीरांगना माता अमृता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उनके प्रकृति संरक्षण के लिए किए गए बलिदान और योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकेकेएमएस केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह रहे। उनकी उपस्थिति में संगठन की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं ने संगठन की आगामी योजनाओं तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों पर चर्चा की। बैठक में राजेश सिंह, विनोद दुबे, प्रवीण कुमार डहरिया, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील कुमार शर्मा, उमाकांत तिवारी, अनिल कुमार वर्मा, धनेश्वर राम, रामकिशुन मौर्य, भुनेश्वर, शिव प्रसाद, गोपी चंद्र, दिनेश कुमार, मुरारी कुमार, शानू खान, बलराम, राम सुरेश, महेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बीएमएस केन्द्रीय महामंत्री सुजीत सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को धनबाद में पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना अमृता देवी और उनके साथियों की इस शहादत को सम्मान देने के लिए 28 अगस्त को राष्टीय पर्यावरण दिवस का दर्जा दिया जाना चाहिए।




**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम खरवत तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीलम पाण्डेय पति श्री नंदगोपाल पाण्डेय निवासी ग्राम जमनीपारा खरवत तह. बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम खरवत तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.न. 169/6 रकबा 0.0200 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहती है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 14/09/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक / वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम मण्डलपारा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका कृष्ण बिहारी पिता/ पति संतशरणदास जाति पनिका निवासी मण्डलपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा स्व. उर्मिला निवासी मण्डलपारा का मृत्यु दिनांक 15/02/1991 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 04/9/25 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 21/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

**न्यायालय समक्ष प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

आवेदक दुर्गेश कुमार पाण्डेय पिता श्री सोहनलाल पांडेय उम्र 48 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम जगतपुर, तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जगतपुर प.ह.नं. 01 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया स्थित भूमि ख.नं. 508/1 रकबा 0.96 हे. में रकबा 0.400 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16/9/25 को 11.00 बजे आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, (छ.ग.)

## मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** रेशम उत्पादन को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत सरगुजा जिले में एक श्रृंखला के रूप में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं राज्य रेशम विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य रेशम क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता को आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में 25 से 27 अगस्त तक सरगुजा जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें तकनीकी विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। 25 अगस्त को सूर ग्राम में मुलबरी में नवाचार तकनीकों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्नत शहतूत किस्मों, उच्च उत्पादकता वाले रेशम कीट, शहतूत की उन्नत खेती, पौध सुरक्षा एवं कोकून उत्पादन तकनीकों पर जानकारी दी गई।

